फा. सं. 4.6(1)/2016-सा.-I
संघ लोक सेवा आयोग
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड
नई दिल्ली-110069

दिनांक :03.02.2017

सेवा में

.....................................................................
.....................................................................
.....................................................................

**विषय: 20 नग ट्रॉली की आपूर्ति के लिए निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रिय महोदय,

एतदद्वारा, 20 नग ट्राली की प्राप्ति के लिए दो बोली प्रणाली के अंतर्गत मुहरबंद बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। ट्रॉलियों का विशेष विवरण इस दस्तावेज के **अनुबंध-'क'** में दर्शाया गया है। महत्वपूर्ण तारीखों की सूची नीचे दी गई है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | **23.02.2017** को अपराह्न **3.00** बजे |
| 2. | निविदा जमा करने का स्थान | इस कार्यालय के स्वागत गेट 'सी' में रखे निविदा बॉक्स में |
| 3. | निविदा खुलने की तारीख एवं समय | **23.02.2017** को अपराह्न **3.30** बजे |
| 4. | निविदा खुलने का स्थान | कमरा नं. 101, आयोग सचिवालय भवन |

**टिप्पणी:** उपर्युक्त तारीखों को इस कार्यालय के लिए अवकाश का दिन/बंद दिवस के रूप में घोषित होने पर निविदाएं/बोलियां अगले कार्य दिवस को नियत समय पर प्राप्त/खोली जाएंगी ।

1.1 बोली दो भागों में अर्थात् तकनीकी और वित्तीय बोली में ऑनलाइन प्रस्तुत की जाएगी । प्रस्तुत किए जाने वाली बोली के सभी पृष्ठ, दस्तावेज़ों के विषय-वस्तु की प्रकृति से असंबद्ध होते हुए भी बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षरित हों और उन पर क्रमिक रूप से संख्या दी जानी चाहिए । एक भाग में दी गई बोली तत्काल निरस्त कर दी जाएगी।

2. **देर से प्राप्त बोली:**

2.1 निर्धारित तारीख और समय के बाद प्राप्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

2.2 अधूरी बोलियों और बोली प्राप्त करने की समय-सीमा की समाप्ति के बाद बोली में किसी संशोधन और वर्धन की अनुमति नहीं है और ऐसी बोलियों को अस्वीकार किया जा सकता है ।

**3. तकनीकी बोली:**

बोलीदाता को तकनीकी बोली (अनुबंध-'क') सहित निविदा दस्तावेज के अनुसार अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

3.1 बोलीदाता को अनुबंध-'ड'. में दर्शाई गई जांच सूची में उल्लिखित दस्तावेज़ों जिन पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षर किए गए हो, सहित निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां, जमा करनी होंगी:-

(क) पैन कार्ड की स्वत: सत्यापित प्रति ।
(ख) फर्म/प्रोपराइटर की पिछले वर्ष की आयकर विवरणी एवं तुलन पत्र की स्वत: सत्यापित प्रति ।
(ग) मान्य सरकारी/एन एस आई सी / डी जी एस एंड डी/दिल्ली नगर निगम/नई दिल्ली नगर पालिका/कार्यालय/फैक्टरी लाइसेंस की स्वत: सत्यापित प्रति ।
(घ) टिन नम्बर सहित एसटी/सीएसटी/वैट पंजीकरण प्रमाणपत्र की स्वत: सत्यापित प्रति।
(ड.) नवीनतम वैट/एसटी/सीएसटी अदायगी प्रमाणपत्र की स्वत: सत्यापित प्रति ।
(च) आईएसओ 9001:2008 अथवा आईएसओ 9001:2015 प्रमाणपत्र की स्वत: सत्यापित प्रति ।

4. **वित्तीय बोली:**

वित्तीय बोली **अनुबंध – 'ख'** के अनुसार निर्धारित फार्मेट में होनी चाहिए। बिना मुहर लगी और/अथवा बिना हस्ताक्षर की गई बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. **धरोहर राशि जमा:**

5.1 बोली के साथ रू. 10,000/-(दस हजार रुपये मात्र) की धरोहर राशि जमा दिल्ली/नई दिल्ली में सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली-110069 के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट / पे आर्डर/बैंकर्स चेक के रूप में जमा करनी होगी।

5.2 एन एस आई सी / डी जी एस एंड डी और किसी अन्य संगठन में पंजीकृत फर्म को दस्तावेज़ीय साक्ष्य प्रस्तुत करने पर धरोहर राशि जमा करने से छूट दी जाएगी । अन्य

बोलीदाताओं को ऊपर दिए गए अनुसार निर्धारित प्रपत्र में जमा धरोहर राशि प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी।

5.3 बिना धरोहर राशि जमा के प्राप्त बोलियां तत्काल निरस्त कर दी जाएंगीं और किसी अन्य रूप यथा चेक, नकद, पोस्टल ऑर्डर के रूप में धरोहर राशि जमा पर विचार नहीं किया जाएगा।

5.4 धरोहर राशि जमा बोली की अंतिम निविदा वैधता अवधि के परे 90 दिनों की अवधि तक वैध रहेगी ।

5.5 असफल बोलीदाताओं की जमा धरोहर राशि निविदा को अंतिम रूप दिए जाने के बाद उन्हें बिना किसी ब्याज के वापस लौटा दी जाएगी ।

5.6 यदि कोई बोलीदाता इस निविदा की वैधता अवधि के अंदर बोली वापिस लेता है या उसमें संशोधन करता है या अपकर्ष करता है अथवा क्षति पहुंचाता है, तो उसकी धरोहर राशि जमा जब्त कर ली जाएगी।

6. बोलीदाताओं को निविदा प्ररूप के अनुसार अपनी दरें बिना किसी शर्त के उद्धृत करनी चाहिएं। यदि कहीं कुछ काटा गया हो या ओवरराइटिंग हो, तो उस पर प्रतिहस्ताक्षर होने चाहिएं। निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर मुहर लगी हो और प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के उस पर हस्ताक्षर हों।

7. बोलियां, तकनीकी बोली के खुलने की तिथि से छ: माह की अवधि के लिए वैध हों। कम वैधता अवधि वाली बोली तत्काल निरस्त कर दी जाएंगी।

8. निविदादाता फर्म वैट/बिक्री कर पंजीकरण प्रमाणपत्र अवश्य जमा करें। इन दस्तावेजों के न होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

9. निविदा में भाग लेने वाली सभी फर्मों को अपने स्वामी/साझेदारों की सूची, उनके सम्पर्क टेलीफोन नम्बरों तथा इस आशय के प्रमाणपत्र/शपथपत्र के साथ जमा करनी होगी कि उनकी फर्म न तो काली सूची में है और न ही इसके विरूद्ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत/लम्बित है।

**10. अन्य नियम एवं शर्तें:**

क) सशर्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

ख) इस कार्यालय की आवश्यकता के अनुसार मदों की मात्रा में वृद्धि या कमी हो सकती है।

ग) किसी बोलीदाता द्वारा मानक से कम /डुप्लीकेट/अवैध उत्पाद आपूर्ति करने पर उन्हें तत्काल काली सूची में डाल दिया जाएगा और उसकी धरोहर राशि जमा जब्त कर ली जाएगी।

घ) यदि वस्तुएं विनिर्देशों के अनुसार नहीं पाई जातीं हैं, तो सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पास इन्हें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**11. बोलियों का मूल्यांकन:**

क) तकनीकी बोलियों का मूल्यांकन एक तकनीकी मूल्यांकन समिति अथवा इस कार्यालय के सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा तकनीकी बोली के साथ संलग्न दस्तावेजों के आधार पर किया जाएगा। तकनीकी बोली की स्वीकार्यता के संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय सभी बोलीदाताओं पर बाध्यकर होगा और इसे चुनौती नहीं दी जा सकती। इस संबंध में किसी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा।

ख) बाद में केवल उन्हीं बोलीदाताओं की वित्तीय बोली खोली जाएगी जिनकी 'तकनीकी बोली' इस कार्यालय द्वारा स्वीकार की जाएगी।

ग) मूल्य सूची में करों की दरें, जैसा लागू हों, अलग से उद्धृत की जाएं अन्यथा यह माना जाएगा कि उद्धृत दरों में कर शामिल है और दरों को बढ़ाने के संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

घ) कर सहित दरों और कर रहित दरों में कोई अंतर के मामले में वित्तीय मूल्यांकन में कर सहित दरों पर ही विचार किया जाएगा। इस विषय पर संबंधित फर्म के साथ कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा।

ड़) संविदा उसी बोलीदाता को दी जाएगी जो न्यूनतम दर उद्धृत करेगा और निविदा आमंत्रण सूचना के सभी नियम एवं शर्तें पूरी करेगा।

**12. जोखिम क्रय खंड**:

यदि बोली जमा करने के पश्चात और उसके स्वीकृत होने पर यानी ऑर्डर मिलने के पश्चात आपूर्तिकर्ता इन निविदा दस्तावेजों में दिए नियमों एवं शर्तों का पालन करने में विफल रहता है अथवा आपूर्ति समय सूची के अनुसार सामान की आपूर्ति नहीं कर पाता अथवा किसी समय में संविदा का परित्याग करता है तो संघ लोक सेवा आयोग के पास उसकी धरोहर राशि को जब्त करने का अधिकार है।

**13. मध्यस्थता:**

संघ लोक सेवा आयोग तथा फर्म के बीच पैदा होने वाले किसी विवाद या मतभेद जो किसी निर्णय, अर्थ तथा प्रक्रिया या इस संविदा पर पड़ने वाले प्रभाव या संविदा भंग होने की स्थिति में उत्पन्न हो, तो ऐसे में विवाद का निपटान मध्यस्थता तथा समाधान अधिनियम 1996 के उपबंधों के अनुसार संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त मध्यस्थ

द्वारा किया जा सकेगा और उसका निर्णय संघ लोक सेवा आयोग तथा फर्म दोनों पर बाध्यकारी होगा । मध्यस्थता का स्थल दिल्ली होगा ।

**14.** **बोलीदाता** को यह परिवचन देना होगा कि उसने किसी अन्य मंत्रालय/सरकारी संगठन में संघ लोक सेवा आयोग से कम दर उद्धृत नहीं की है। परिवचन अनुबंध-'घ' में निर्धारित प्रारूप में जमा करना है।

**15. सुपुर्दगी अवधि:**

मदों की आपूर्ति के लिए सुपुर्दगी अवधि क्रय आदेश के जारी होने की तिथि से 30 दिन होगी। कृपया ध्यान दें कि अनुबंधित सुपुर्दगी के अंदर मदों की प्राप्ति न होने पर क्रेता द्वारा एकपक्षीय निर्णय लेते हुए संविदा रद्द की जा सकती है। अनुबंधित सुपुर्दगी अवधि में विस्तार पूर्णतया क्रेता के स्वविवेक पर परिनिर्धारित नुकसानी खंड तथा अन्य लागू खंडों के आधार पर होगा।

15.1 विक्रेता द्वारा सुपुर्दगी अवधि में विस्तार का कोई भी अनुरोध सुपुर्दगी अवधि/विस्तारित सुपुर्दगी अवधि की समाप्ति के कम से कम 7 दिन पहले क्रेता के पास पहुंच जाना चाहिए क्योंकि क्रेता द्वारा सुपुर्दगी अवधि में विस्तार के लिए मामले पर कार्रवाई करने हेतु इतना समय चाहिए। इस प्रकार के अनुरोध करने में विक्रेता द्वारा विलंब के दिनों की संख्या को परिनिर्धारित नुकसानी की गणना करते समय सुपुर्दगी अवधि विस्तार देने के लिए क्रेता द्वारा लिए गए कुल प्रशासनिक विलंब में से घटा दिया जाएगा।

**16. परिनिर्धारित नुकसानी:**

संविदा में निर्दिष्ट अनुसार वस्तु की आपूर्ति में विक्रेता के विफल होने पर, क्रेता अपने स्वविवेक से संविदा पूरे होने तक किसी भी भुगतान को रोक सकता है। करार के अनुसार क्रेता ऊपर उल्लिखित विलम्ब से आपूर्ति की गई/आपूर्ति न की गई वस्तुओं के संविदा मूल्य के 0.5% की राशि परिनिर्धारित नुकसानी के रूप में विक्रेता की राशि से विलम्ब के प्रत्येक सप्ताह अथवा सप्ताह के भाग के लिए काट सकता है जो परिनिर्धारित नुकसानी के अधिकतम मूल्य अर्थात विलम्बित वस्तुओं के मूल्य के 10% से अधिक नहीं होगी।

17. **वारंटी**

निम्नलिखित वारंटी सफल बोलीदाता को दी गई संविदा का एक भाग होगी:-

17.1 विक्रेता इस आशय का आश्वासन देगा कि संविदा के अंतर्गत प्रदान की गई वस्तुएं निर्धारित तकनीकी विनिदेर्शों के अनुसार हैं और कथित तकनीकी विनिदेर्शों के अनुसार कार्य निष्पादन करेगा।

17.2 विक्रेता संविदा के अंतर्गत प्रदान की गई वस्तुओं की स्वीकृति की तारीख से एक वर्ष की अवधि की वारंटी देगा और आश्वासन देगा कि निर्माण में प्रयुक्त प्रत्येक सामग्री सभी प्रकार के दोष से मुक्त होगी। सफल बोलीदाता को सुपुर्दगी और वारंटी अवधि के दौरान कलपुर्जों/सामग्री के सभी व्यय को वहन करना होगा।

17.3 यदि वारंटी की अवधि के दौरान क्रेता सूचित करता है कि वस्तुएं विनिर्देशों के अनुसार काम करने में असफल है तो विक्रेता या तो उस वस्तु को बदलेगा अथवा विक्रेता द्वारा दोष के संबंध में सूचना प्राप्त होने के अधिकतम 30 दिन के अंदर निशुल्क ठीक करेगा। वारंटी अवधि के दौरान विक्रेता को मरम्मत के लिए कलपुर्जों को बिना किसी लागत के उपलब्ध कराना होगा।

**18. भुगतान के निबंधन:**

वस्तुओं की संतोषजनक स्थिति में प्राप्ति और अनुमोदित गुणवत्ता तथा विनिदेर्शों के अनुसार प्राप्त सामग्री के सत्यापन के पश्चात दिए गए बिलों की कुल राशि के 90% का भुगतान कर दिया जाएगा। कुल राशि के शेष 10% का भुगतान वारंटी अवधि अर्थात आपूर्ति की तिथि के एक वर्ष के सफलतापूर्वक पूरा होने पर किया जाएगा।

**19.** प्रत्येक बोलीदाता को यह प्रमाणित करना होगा कि उसे सभी निबंधन और शर्तें स्वीकार्य हैं।

**20.** सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पास किसी भी बोली को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार या निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। इस संबंध में संघ लोक सेवा आयोग का निर्णय अंतिम एवं फर्म पर बाध्यकर होगा।

**21.** बोली प्रस्तुत करने से पहले, सही माप और अन्य अपेक्षित सूचना के लिए नमूना ट्रॉली किसी भी कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे से 5.00 बजे तक सामान्य-I अनुभाग में देखी जा सकती है।

**22.** समस्त आपूर्ति करने से पहले एक नमूना ट्रॉली तैयार कर लें और उसे सामान्य-I अनुभाग में दिखा दें।

**23.** मुहरबंद निविदाएं जिनके लिफाफे पर ''ट्रॉलियों की आपूर्ति हेतु निविदा'' शीर्षांकित हो, श्री अनिल कुमार, अवर सचिव (एम एंड एम), संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली-110069 को संबोधित हों।

(अनिल कुमार)
अवर सचिव (एम एंड एम)
फोन नं. 23382415

(अनिल कुमार)
अवर सचिव (एम एंड एम)

<u>अनुबंध-‘क’</u>

## <u>ट्रॉलियों की आपूर्ति हेतु निविदा</u>

### <u>तकनीकी बोली</u>

दिनांक: -------------

संदर्भ: आपकी निविदा पूछताछ सं.---------------- दिनांक --------------

महोदय,

हम आपके कथित निविदा दस्तावेज में दिए विनिर्देशों के अनुसार अपेक्षित वस्तुओं की निम्नानुसार आपूर्ति प्रस्तावित करते हैं।

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th colspan="2">विनिर्देश</th><th>आकार</th><th>विनिर्देश (हॉं/नहीं)</th><th>टिप्पणी</th></tr>
<tr><td>1.</td><td colspan="2">पाइप (लोहा) का गेज़</td><td>14 गेज़</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>2.</td><td colspan="2">ट्रॉली का भार</td><td>न्यूनतम 30 कि.ग्रा.<br>अधिकतम 33 कि.ग्रा.</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">ट्रॉली के टायरों के विनिर्देश</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>3.</td><td colspan="2">टायरों की सामग्री</td><td>रबर</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>4.</td><td rowspan="4">आगे</td><td>टायरों की संख्या</td><td>2 नग</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>व्यास</td><td>6 इंच</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>टाइप</td><td>स्वीवैल कास्टर</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>चौड़ाई</td><td>1.5 इंच</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>5.</td><td rowspan="4">पीछे</td><td>टायरों की संख्या</td><td>2 नग</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>व्यास</td><td>8 इंच</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>टाइप</td><td>रिजिड कास्टर</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>चौड़ाई</td><td>2 इंच</td><td></td><td></td></tr>
</table>

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **ट्रॉली का डायमेंशन** | | | |
| 6. | लंबाई | 3 फुट 2 इंच | | |
| 7. | ऊंचाई | 2 फुट 6 इंच ब्रेकेट सहित | | |
| 8. | आगे की तरफ की चौड़ाई | 1 फुट 2.25 इंच | | |
| 9. | पीछे की तरफ की चौड़ाई | 1 फुट 7.5 इंच | | |
| 10. | ट्रॉली की भार उठाने की क्षमता | 300 कि.ग्रा. $\pm$ 10% | | |

------------------------------

(दिनांक सहित हस्ताक्षर)

-----------------------------------
(नाम और पदनाम)

के लिए और की ओर से निविदा पर
हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

---------------------------------
(फर्म की कार्यालय मुहर)

ध्यान दें: इस प्ररूप के प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की मुहर और प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर हों।

**<u>अनुबंध-"ख"</u>**

## <u>ट्रॉलियों की आपूर्ति हेतु निविदा</u>

### <u>वित्तीय बोली</u>

दिनांक: -------------

संदर्भ: आपकी निविदा पूछताछ सं.---------------- दिनांक --------------

महोदय,

हमने उपर्युक्त निविदा पूछताछ दस्तावेज की जांच की है और निम्नानुसार दर उद्धृत की हैं:

| मद | मात्रा | प्रति ट्रॉली उद्धृत दर – कर छोड़कर (रू. में) | कर | | कर सहित प्रति ट्रॉली कुल कीमत (रू. में) | कर सहित 20 ट्रॉली की कुल कीमत (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दर(%) | राशि | | |
| क | ख | ग | घ | ड़ | च = (ग+ड़) | छ = (ख*च) |
| ट्रॉली | 20 नग | | | | | |

ध्यान दें: लागू करों की दर पृथक से उद्धृत करें अन्यथा यह माना जाएगा कि उद्धृत दरों में सभी कर शामिल हैं।

------------------------------
(दिनांक सहित हस्ताक्षर)

----------------------------------
(नाम और पदनाम)

के लिए और की ओर से निविदा पर
हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

---------------------------------
(फर्म की कार्यालय मुहर)

**<u>ध्यान दें:</u>** i) इस प्ररूप के प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की मुहर और प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर हों।

ii) ओवरराइटिंग करने पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता उस पर अपने प्रतिहस्ताक्षर करें।

## निविदा प्रपत्र
## ट्रॉलियों की आपूर्ति के लिए निविदा

दिनांक ---------------------

सेवा में,

श्री अनिल कुमार,
अवर सचिव (एम एण्ड एम),
संघ लोक सेवा आयोग,
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड,
नई दिल्ली-110069

संदर्भ: आपकी निविदा दस्तावेज पूछताछ संख्या --------------- दिनांक ---------

हमने (अधोहस्ताक्षरी) उपर्युक्त उल्लिखित निविदा पूछताछ दस्तावेज की जांच कर ली है। हम, अब निर्धारित प्ररूप में संलग्न तकनीकी बोली में दिए विनिर्देशों के अनुसार अपेक्षित ट्रॉलियों की आपर्ति एवं उसे प्रदान करने का प्रस्ताव करते हैं। हमारी तकनीकी और वित्तीय बोली (पृथक-पृथक मुहरबंद लिफाफों में) निर्धारित प्ररूप में इसके साथ संलग्न है और इस निविदा का एक भाग है। धरोहर राशि जमा रू.-------------------- (---------------------------------रू.) जो --------------------- बैंक (बैंक का नाम) के भुगतान आदेश/डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चैक संख्या------------------ दिनांक ---------- के रूप में है, जमा की गई है। निविदा पूछताछ दस्तावेज के अनुसार अपेक्षित अन्य दस्तावेज/कागजात भी जमा किए जा रहे हैं।

2. यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है तो हम कथित निविदा पूछताछ के निबंधन एवं शर्तों के अनुसार वित्तीय बोली में उद्धृत दर पर तकनीकी बोली में उल्लिखित वस्तुओं की आपूर्ति करने का परिवचन देते हैं।

3. हम निविदा खुलने की तिथि से छ: माह की अवधि के लिए अपनी बोली को वैध रखने के लिए स्वीकृति देने पर सहमत हैं। हम तदनुसार पुष्टि करते हैं कि यह बोली उपर्युक्त अवधि तक हम पर बाध्यकर होगी और यह बोली कथित अवधि की समाप्त से पहले किसी भी समय स्वीकार की जा सकती है। हम यह भी पुष्टि करते हैं कि ऊपर कथित अवधि के अंदर आपकी लिखित स्वीकृति के साथ पठित यह बोली हमारे बीच बाध्यकर संविदा होगी।

4. हमें ज्ञात है कि आप उपर्युक्त संदर्भित निविदा के प्रत्युत्तर में प्राप्त किसी भी बोली अथवा न्यूनतम बोली को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं हैं।

5. हमें कथित निविदा पूछताछ की सभी निबंधन एवं शर्ते स्वीकार्य हैं।

-------------------------

(दिनांक सहित हस्ताक्षर)

-----------------------------------

(नाम और पदनाम)

के लिए और की ओर से निविदा पर

हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

---------------------------------

(फर्म की कार्यालय मुहर)

टिप्पणी: इस प्ररूप के प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की अधिकृत मुहर लगी हो और प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर हों।

<u>अनुबंध – “ग”</u>

## <u>ट्रॉलियों की आपूर्ति के लिए निविदा</u>

## <u>फर्म का ब्यौरा</u>

<u>(फर्म के लेटरहैड पर)</u>

1. फर्म का नाम: -----------------------------

2. कार्यालय का पता: -----------------------------
-----------------------------

3. फोन नं.: (कार्यालय) ------------------ (आवास)------------------
(मोबाइल) ----------------------- (फैक्स.)-----------------------

4. फर्म के निदेशकों/साझेदारों/प्रोपराइटरों का विवरण:
नाम:
निवास स्थान का पता:
मोबाइल नं.:

5. बिक्री कर पंजीकरण सं./टिन/वैट:
(पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें)

फर्म/प्रोपराइटर का पैन नं.: -----------------------

6. प्रमाणित किया जाता है कि हमारी फर्म किसी सरकारी विभाग द्वारा न तो काली सूची में डाली गई है और न ही फर्म या इसके मालिक/साझेदार के विरूद्ध भारत में कहीं भी कोई आपराधिक मामला दर्ज/लम्बित है।

------------------------------
(दिनांक सहित हस्ताक्षर)

-----------------------------------
(नाम और पदनाम)

-----------------------
के लिए और की ओर से निविदा पर
हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

---------------------------------
(फर्म की कार्यालय मुहर)

**<u>अनुबंध-“घ”</u>**

**<u>ट्रॉलियों की आपूर्ति के लिए निविदा</u>**

<u>परिवचन</u>

हम, ---------------------------------(फर्म का नाम और पता) संघ लोक सेवा आयोग की निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक ----------------- के प्रत्युत्तर में निम्नलिखित प्रमाणित करते हैं:

“मदों के लिए उद्धृत दरें हमारे द्वारा समान प्रकार की मदों के लिए किसी अन्य मंत्रालय/सरकारी संगठन के लिए उद्धृत दर से अधिक नहीं हैं।‘

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

(फर्म/बोलीदाता का नाम एवं पता<br>
रबर की मुहर सहित)

**अनुबंध-“ड़”**

## जांच सूची

| क्र.सं. | विवरण | हाँ या नहीं |
|---|---|---|
| 1. | विधिवत भरा हुआ निविदा प्रपत्र | |
| 2. | निर्धारित प्ररूप (अनुबंध-“क”) में विधिवत भरी हुई तकनीकी बोली | |
| 3. | निर्धारित प्ररूप (अनुबंध-“ख”) में विधिवत भरी हुई वित्तीय बोली | |
| 4. | पैन कार्ड की स्वत: सत्यापित प्रति | |
| 5. | वर्ष 2015-16 की फर्म/प्रोपराइटर की आयकर विवरण की प्रतियां | |
| 6. | टिन नं. सहित बिक्री कर/वैट पंजीकरण प्रमाण पत्र | |
| 7. | अद्यतम वैट/बिक्री कर अदायगी प्रमाण पत्र की स्वत: सत्यापित प्रति | |
| 8. | फर्म के लैटर हैड पर अनुबंध-“ग” के अनुसार फर्म का विवरण | |
| 9. | अनुबंध-घ में परिवचन | |
| 10. | यदि एनएसआईसी या डीजीएसएंडडी के साथ पंजीकृत हैं तो पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्वत: सत्यापित प्रति | |
| 11. | आईएसओ 9001:2008 या 9001:2015 प्रमाण पत्र की स्वत: सत्यापित प्रति | |
| 12. | धरोहर राशि जमा संलग्न/छूट प्रमाण पत्र संलग्न | |

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

(फर्म/बोलीदाता का नाम एवं पता)